मई 2022

₹ 20

# समाजवादी बुलेटिन

## यूपी में बेकाबू पुलिस

# रक्षक ही भक्षक



R.N.I. No. 68832/97

www.samajwadiparty.in

यूपी में लड़ाई दो पार्टियों सपा और भाजपा के बीच है। इसके अलावा अब कोई नहीं है। यूपी विधानसभा चुनाव से यह बात साफ हो गई है कि उत्तर प्रदेश में केवल समाजवादी पार्टी और भाजपा हैं। सपा के कार्यकर्ता और नेता 2024 की लड़ाई के लिए तैयार रहें।

**मुलायम सिंह यादव**
संस्थापक-संरक्षक, समाजवादी पार्टी



समाजवादी बुलेटिन
मई 2022
वर्ष 23 | संख्या 07

# अंदर

आजम साहब : सत्यमेव जयते ! 04



08 कवर स्टोरी

यूपी में बेकाबू पुलिस : रक्षक ही भक्षक



सदन में गरजे समाजवादी 22



उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र में समाजवादियों की सक्रियता से सरकार को जन आकांक्षाओं से जुड़े सवालों का लगातार सामना करना पड़ा। नेता विरोधी दल के रूप में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने शानदार नेतृत्व क्षमता का परिचय देते हुए अपने भाषणों से सरकार को हर कदम पर घेरा।

यूपी में अब सपा-भाजपा में ही मुकाबला: नेता जी 06
होनहारों का उत्साहवर्धन 30

*प्रिय पाठकों,*
*आपकी प्रिय पत्रिका समाजवादी बुलेटिन बदले हुए कलेवर में अपने दूसरे वर्ष में प्रवेश कर चुकी है। आपके उत्साहवर्धन और प्रेम के कारण ही हमारा यह सफर यहां तक पहुंचा है। हम भरोसा दिलाते हैं कि हम आपकी उम्मीदों पर खरा उतरने की अपनी कोशिशों में कोई कमी नहीं आने देंगे। कृपया हमेशा की तरह आगे भी हमारा मार्गदर्शन करते रहें।*
*धन्यवाद!*

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक
प्रोफेसर रामगोपाल यादव
☎ 0522 - 2235454
samajwadibulletin19@gmail.com
bulletinsamajwadi@gmail.com
Mob:- 9598909095
/samajwadiparty

समाजवादी पार्टी के लिए
19, विक्रमादित्य मार्ग, लखनऊ से प्रकाशित
अवध पब्लिशिंग हाउस, 8 पान दरीबा, लखनऊ से मुद्रित

R.N.I. No. 68832/97

# सत्यमेव जयते !



बुलेटिन ब्यूरो

पुरानी कहावत है कि सत्य परेशान हो सकता पराजित नहीं। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान साहब के बारे में यह बात पूरे तरीके से सही साबित हुई है।

उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार के उत्पीड़नात्मक रवैए के कारण बीते करीब ढाई साल से विभिन्न फर्जी मुकदमों में जेल में कैद आजम खान अंततः जमानत पर रिहा हो गए।

देश के सर्वोच्च न्यायालय उन्हें जमानत मंजूर की। सर्वोच्च न्यायालय ने मामले की सुनवाई करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार को इस बात के लिए लताड़ भी लगाई थी कैसे इतने सारे मुकदमे आजम खान पर लाद दिए गए।

20 मई को सीतापुर जेल से रिहाई के बाद आजम साहब पहले रामपुर गए और वहां कुछ दिन बिताने के बाद लखनऊ आकर उन्होंने रामपुर के विधायक के तौर पर विधानसभा की सदस्यता की शपथ ली। उनके साथ उनके पुत्र अब्दुल्लाह आजम ने भी स्वार विधानसभा सीट के विधायक के तौर पर शपथ लिया।

आजम साहब के रिहा होने पर पूरे समाजवादी पार्टी परिवार में खुशी की लहर है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने उन्हें जमानत मिलने पर खुशी जताते हुए कहा कि आज सच्चाई की जीत हो गई। उन्होंने इस अवसर पर कहा ,"सपा के वरिष्ठ नेता व विधायक आजम खान जी के जमानत पर रिहा होने पर उनका हार्दिक स्वागत है। जमानत के इस फैसले से सर्वोच्च न्यायालय ने न्याय को नए मानक दिए हैं। पूरा ऐतबार है कि वो अन्य सभी झूठे मामलों-मुकदमों में बाइज्जत बरी होंगे। झूठ के लम्हे होते हैं, सदियां नहीं!"

श्री यादव बीते ढाई साल में आजम साहब के परिवार के साथ लगातार संपर्क में रहे और

कई मौकों पर खुद रामपुर भी गए। आजम साहब के मुकदमों की पैरवी ठीक से हो इसे सुनिश्चित करने के लिए भी लगातार उनकी सक्रियता बनी रही। इस दौरान कई मौकों पर वह यह कह चुके थे कि अंततः सच की जीत होगी और आजम खान जेल से बाहर आएंगे

हाल ही में श्री अखिलेश यादव ने अपने एक बयान में कहा था कि जिस तरीके से माननीय सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट में बहस चल रही है बहुत जल्द श्री मोहम्मद आजम खान जेल से बाहर आ जाएंगे। सरकार की लगातार कोशिश रही है कि उनके ऊपर इतना दबाव हो कि वह बाहर न निकल पाएं। समाजवादियों को और पूरी जनता को उम्मीद है कि उनके साथ न्याय होगा।

उल्लेखनीय है कि समाजवादी पार्टी के संस्थापकों में शामिल पार्टी के वरिष्ठ नेता मोहम्मद आजम खान साहब और हौसले और संघर्ष की शानदार मिसाल रहे हैं। उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार ने बीते 2 साल से आजम साहब को तमाम झूठे मुकदमों में फंसा कर प्रताड़ित करने जो कोशिश की है उसने आजम साहब जैसी शख्सियत का हौसला बिल्कुल कमजोर नहीं किया। समाजवादी विचारधारा और जनता को सबसे बड़ा निर्णायक मारने वाले आजम साहब संघर्ष की इस घड़ी में भी समाजवादी सिद्धांतों के प्रमुख झंडाबरदार के रूप में अपनी पहचान बनाए हुए हैं।

जनता की बीच आजम साहब की लोकप्रियता और मजबूत जनाधार कां संकेत इससे ही मिलता है कि लंबे समय से जनता के बीच ना होने के बावजूद रामपुर से विधानसभा के चुनाव में उन्होंने विपक्षी भारतीय जनता पाटी को भारी मतों से हराया और रामपुर से विधायक चुने गए। भाजपा सरकार का उत्पीड़न भरा रवैया और साजिशें नाकाम रहीं। रामपुर की जनता ने आजम साहब को विधानसभा में अपना प्रतिनिधि चुनकर भेज दिया। सत्ता की साजिशों को नाकाम कर आजम साहब जनता की कसौटी पर खरे उतरे।

इन चुनावों में फिर एक बार साबित किया है सत्ता और सरकार चाहे लाख साजिशें करें जनता की अदालत में आजम साहब बेदाग थे, बेदाग हैं और आगे भी बेदाग रहेंगे। आजम साहब दसवीं बार रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक चुने गए हैं। इससे भी साबित होता है रामपुर की जनता उन्हें अपना कितना प्यार और समर्थन देती रही है।

चुनाव प्रचार के दौरान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने भी आजम साहब के समर्थन में रामपुर में चुनाव प्रचार किया।आजम साहब की अनुपस्थिति के मद्देनजर समाजवादी पार्टी के नेता व कार्यकर्ता क्षेत्र में मजबूती से प्रचार करते रहे।

इलाकाई लोगों का कहना है कि आजम साहब की चुनाव मैदान में अनुपस्थिति भले रही लेकिन उससे खास फर्क इसलिए नहीं पड़ा क्योंकि जनता ही उनका चुनाव लड़ती रही। रामपुर का जनादेश बता रहा है कि एक प्रतिष्ठित राजनीतिक परिवार के प्रति सियासी बदले की भावना से की जा रही कार्रवाई कतई बर्दाश्त नहीं जा सकती।




*( फोटो : सुमित कुमार)*




# यूपी में अब सपा-भाजपा में ही मुकाबला

**- नेता जी**

बुलेटिन ब्यूरो

समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में 6 मई को विभिन्न जिलों से मिलने आए नेताओं और कार्यकर्ताओं को सपा संरक्षक श्री मुलायम सिंह यादव ने संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि चुनाव में सपा के प्रदर्शन की हर तरफ चर्चा है।

श्री मुलायम सिंह यादव ने कहा कि यूपी में लड़ाई दो पार्टियों सपा और भाजपा के बीच है। इसके अलावा अब कोई पार्टी नहीं है। यूपी विधानसभा चुनाव से यह बात साफ हो गई है कि उत्तर प्रदेश में केवल समाजवादी पार्टी और भाजपा हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता और नेता 2024 की लड़ाई के लिए तैयार रहें।

# जया जी ने हौसला बढ़ाया

सत्यमेव जयते

MRS JAYA BACHCHAN

Member of Parliament
Rajya Sabha

२२-३-२०२२

श्री अखिलेश यादव जी

उत्तरप्रदेश में कुछ चुनाव क्षेत्रों में समाजवादी पार्टी की जीत पर सबसे पहले आपको मेरी बहुत हार्दिक बधाई |

जो भी सफलता पार्टी को इस बार मिली है, उसमें आपकी व्यक्तिगत मेहनत, का सबसे बड़ा योगदान रहा है| जिस दृढ निश्चय और निष्ठा से दिन रात एक करके आप ने कड़ी लगन के साथ पार्टी को जिस स्थान तक पहुँचाया है, वह वाकई ही प्रसंशा के काबिल है |

मैं आशा करती हूँ जिन चुनाव क्षेत्रों की जनता ने, आपके नेतृत्व पर विश्वास रख कर अपना बहुमूल्य मत समाजवादी पार्टी के नेताओं को दिया है, वह सब उस पर खरे उतरेंगे | और उन क्षेत्रों के विकास और प्रगति के लिए निरन्तर प्रयास करते रहेंगे |

इस नेक नियत के लिए ईश्वर आपको आगे बढ़ते रहने की शक्ति देता रहे और आप पार्टी को और भी अधिक महिमा और ऊंचाई पर ले जा सकें |इस उद्देश्य की तरफ बढ़ते रहने के लिए आपको हमेशा मेरा समर्थन रहेगा |

आपको मेरी तरफ से बहुत सारी शुभकामनायें | आप स्वस्थ और खुशाल रहें |

सस्नेह

जया बच्चन

श्री अखिलेश यादव
लखनऊ

उन्होंने कहा कि चुनाव में सपा के प्रदर्शन की हर तरफ चर्चा है। उसके बावजूद सपा के बारे में कई टिप्पणियां की गईं। श्री मुलायम सिंह यादव ने कहा कि हम समाजवादी लोग गरीबों, किसानों, नौजवानों, भूमिहीनों की बात करते हैं। सभी जाति और धर्मों के साथ हमारा व्यवहार एक समान रहता है। समाजवादी पार्टी बेरोजगारी, महंगाई, अन्याय के खिलाफ लगातार संघर्ष कर रही है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में बहुत संख्या में लोगों ने समाजवादियों पर भरोसा जताया है, इससे सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी बढ़ गयी है। इस विश्वास पर अडिग होकर काम करना है। मुलायम सिंह यादव के संबोधन के दौरान सपा प्रमुख अखिलेश यादव, नेता प्रतिपक्ष विधान परिषद संजय लाठर, प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल, पूर्वमंत्री बलराम यादव समेत अन्य नेता मौजूद थे।

इस अवसर पर सपा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। सत्ता के संरक्षण में गुंडाराज व्यवस्था लागू है। एंटी रोमियो स्क्वॉड तो कहीं दिखता ही नहीं है। बेटियों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। असामाजिक तत्वों पर लगाम न लगने से वे सब बेखौफ हो गए हैं।

# यूपी में पुलिस बेकाबू



# रक्षक ही भक्षक

दुष्यंत कबीर

उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था बद से बदतर होती चली जा रही है। भाजपा सरकार विज्ञापनों में कानून व्यवस्था का झूठा प्रचार करते अघाती नहीं। जबकि सच्चाई यह है कि जिस पुलिस पर जनता की रक्षा की जिम्मेदारी है वह भाजपा राज में निरंकुश हो चुकी। आम जनता की जिंदगी बढ़े हुए अपराधों के कारण पहले ही खौफजदा हो चुकी है। अब उसे पुलिस का भी डर है क्योंकि रक्षक ही भक्षक बन चुका है!

भाजपा की सरकार जब से दोबारा सत्ता में आई है तब से लगभग रोजाना किसी न किसी जनपद से पुलिस जुल्म की खबरें आ रही हैं। यहां तक की पुलिस पर निर्दोष लोगों की जान लेने और थाने में रेप करने तक के आरोप लग रहे हैं। भाजपा की डबल इंजन सरकार में अपराध का मीटर दोगुने रफ्तार से बढ़ रहा है। पुलिस थाने अराजकता के केन्द्र बन गए हैं। लूट, हत्या, अपहरण और बलात्कार के मामलों में उत्तर प्रदेश आगे जा रहा है। भाजपा सरकार ने विकास को किनारे कर रखा है। वह नफरत और समाज

को बांटने वाली गतिविधियों को बढ़ावा देने में लग गई है।
मुख्यमंत्री को जगह-जगह जाकर भाषण देने का शौक है, वे प्रशासन पर लगाम कसने में विफल साबित है। फर्जी मुकदमों और फर्जी एनकाउंटरों में भाजपा सरकार रिकार्ड बना रही है। हिरासत में मौतों को लेकर तो राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग तक तमाम नोटिस जारी कर चुका है।

जो सरकार पुलिस को एमएलसी चुनाव जीतने, पंचायत चुनाव जीतने के लिए लगा दे उससे और क्या उम्मीद की जा सकती है? जब पुलिस से सेवा नियमावली के विरूद्ध काम कराए जाएंगे तो फिर उसकी दबंगई कैसे रोक सकेंगे? पुलिस पर बढ़ते राजनीतिक दबाव के चलते अब गम्भीर घटनाओं में भी पुलिस का रवैया ढुलमुल रहता है। दबंगों को सजा का डर नहीं रह गया है।
चंदौली में एक मासूम बेटी के साथ रेप और हत्या के आरोपों से घिरी उत्तर प्रदेश की पुलिस पर ललितपुर के पाली में पुलिस वालो द्वारा ही सामूहिक बलात्कार का आरोप लगा। ललितपुर में रेप की शिकायत करने पहुंची नाबालिग से थाने में ही एसओ ने दरिंदगी की। ललितपुर में रेप पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए पुलिस आरोपित को तो जल्दी ढूंढ़ न सकी अलबत्ता पीड़िता से ही थाने में दुष्कर्म कर यूपी को देशभर में बदनाम कर लिया। ललितपुर काण्ड की स्याही सूखने भी नहीं पाई थी कि अलीगढ़ में पुलिस के सिपाही ने एक नाबालिग से दुष्कर्म कर दिया।

कानपुर में पुलिस बिना एफआईआर मां-बेटी को उठा लाई और थाने में रात में पूछताछ के बहाने प्रताड़ित किया जिससे

# दबिश के नाम पर पुलिस की दबंगई

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में दबिश के नाम पर पुलिस की दबंगई चल रही है। उत्तर प्रदेश में दबिश के नाम पर पुलिस घरों में घुस कर महिलाओं से अभद्रता के मामले में नया इतिहास रच रही है।
सिद्धार्थनगर में पुलिस की गोली से महिला की मौत हुई। चंदौली में भी दबिश में गई पुलिस की दरिंदगी की शिकार एक किशोरी हुई। मुख्यमंत्री जी मिशन शक्ति की बात करते हैं और उनकी पुलिस अपराधी तत्वों को संरक्षण प्रदान करती है।
प्रयागराज में न्याय और सुरक्षा को ठोकर मार कर पुलिस ने जातीय वैमनस्यता में महिलाओं से मारपीट की। पुलिस थानों में रेप हो रहा है। मासूम बच्चियों तक को दुष्कर्म का शिकार बनाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि कैसी विडम्बना है कि उत्तर प्रदेश में भाजपाई कभी रेप आरोपी को छुड़वाने की पैरवी करते है और कभी छेड़छाड़ के आरोपी को छुड़ाने के लिए कोतवाली में हंगामा करते हैं। बड़ा सवाल यह है कि अपराधियों और भाजपाइयों की जुगलबंदी से बेटी कैसे बचाए? जनता की जिंदगी को अच्छे दिनों के नाम पर कब तक गुमराह किया जाता रहेगा? भाजपा राज में अराजकता को खुली छूट मिली हुई है। लूट, अपहरण, बलात्कार की शर्मनाक घटनाओं के साथ गरीबों के घरों पर राक्षसी बुलडोजर कहर ढा रहा है। किसानों को जीप से रौंदा जा रहा है। महिलाओं और मासूम बच्चियों के लिए उत्तर प्रदेश सर्वाधिक असुरक्षित प्रांत हो गया है।

गृह मंत्रालय ही पदमुक्त अकर्मण्य बताए गए डीजीपी का चयनकर्ता था। वहीं सबसे ज्यादा अव्यवस्था है। भाजपा सरकार के वसूली तंत्र ने समूची पुलिस व्यवस्था को कलंकित कर रखा है। बांदा में 5 साल, बुलन्द शहर में 8 साल, सीतापुर में 10 साल और प्रयागराज में 13 साल की बच्ची से रेप की शर्मनाक घटनाएं घटी हैं।




फोटो स्रोत : गूगल

परेशान महिला में खुदकुशी कर ली। राजधानी लखनऊ में 10 साल की एक बच्ची से दुष्कर्म सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में किया गया। श्रावस्ती में दुष्कर्म का विरोध करने पर बदमाशों ने महिला की आंख फोड़ दी। लखीमपुर में बंधक बनाकर एक मासूम बच्ची से दुष्कर्म किये जाने की घटना विचलित करने वाली है। मिर्जापुर में गर्भवती महिला से दुष्कर्म हुआ।

मुख्यमंत्री का एंटी रोमियो स्क्वाड तो कहीं दिखता नहीं, बेटियों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। असामाजिक और अपराधी तत्वों पर कोई लगाम न लगने से वे सब बेखौफ हो चले हैं। मुख्यमंत्री जी की प्रशासन तंत्र पर पकड़ लगातार ढीली होने से वर्दीधारी खुद दरिन्दे बन रहे हैं। सुरक्षा और न्याय दिलाने वाला कोई नहीं है। नारी शक्ति से अपराध, अत्याचार करने वालों पर बुलडोजर नहीं चलते। शहर से देहात तक बेटियों का जीना दूभर हो गया है। शासन प्रशासन तंत्र में संवेदना का अभाव है।

ललितपुर में दुष्कर्म के आरोपी एसओ को वीआईपी सुविधाएं मुहैया कराने की खबरें विचलित करती हैं। सच तो यह है कि भाजपा सरकार ने पुलिस का राजनीतिक दुरूपयोग कर इंसाफ को थानों में गिरवी रख दिया है। ऐसी सरकार से न्याय की अपेक्षा करना बेमानी है। लोकतंत्र में मर्यादा, राजधर्म और शुचिता होती है, लेकिन भाजपा शासनकाल में सब खत्म हो चुका है। उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार के राज में अपराधी और पुलिस इन्हीं दोनों के हौसले बुलन्द हैं।

भाजपा सरकार में उत्तर प्रदेश की जितनी बदनामी देश-विदेश तक हुई है वैसी कभी नहीं हुई थी। फिरौती, हत्या, अपराध और वसूली के बाद अब पुलिस रेप और गैंगरेप से भी बदनामी कराने लगी है। बरेली में दारोगा ने युवती से दुष्कर्म किया। गर्भवती होने पर गर्भपात कराया। जब पुलिस ही बहन बेटियों और महिलाओं का करेगी उत्पीड़न तो उन्हें इंसाफ कौन देगा? विज्ञापनों में झूठा प्रचार करने वाली उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री जी के लॉ-एण्ड-आर्डर की सच्चाई जनता के सामने है।




फोटो स्रोत : गूगल

## यूपी में भाजपा राज

# नारी पर भारी

बुलेटिन ब्यूरो

उत्तर प्रदेश में महिलाओं और बच्चियों के साथ हो रहे अपराधों की बाढ़ आ गई है लेकिन भाजपा सरकार कतई गंभीर नहीं है। सरकार बात तो जीरो टॉलरेंस की करती है, लेकिन रोजाना हत्या, लूट, अपहरण और दुष्कर्म की घटनाएं हो रही हैं। सरकार पूर्णतया असंवेदनशील बनी हुई है। यूपी वूमेन पावर लाइन 1090 महिलाओं की सुरक्षा के लिए समाजवादी सरकार में बनी थी ताकि बेटियां अपनी बात बिना किसी संकोच के बता सके। उसे भी भाजपा सरकार ने बर्बाद कर दिया है। एनसीआरबी के आंकड़े बताते हैं कि किस तरह से महिला अपराध के मामले भाजपा की डबल इंजन की सरकार में बढ़ते जा रहे हैं।

भाजपा सरकार में बेटियों की जिंदगी पर तमाम खतरें मंडरा रहे हैं। उन्हें न सुरक्षा मिल रही है और नहीं न्याय। लखनऊ के दुबग्गा में दुष्कर्म पीड़िता किशोरी18 दिन बाद जिंदगी की जंग हार गई । पुलिस ने दरिंदों का साथ दिया। 13 वर्षीया किशोरी कक्षा आठ की छात्रा थी उसकी हालत गंभीर होने के बावजूद समुचित उपचार नहीं मिला। 18 दिनों तक बेटी का जीवन संघर्ष चला पर न्याय नहीं मिला।

राह चलती बहन बेटियों को शराब के नशे में धुत भाजपाई छेड़छाड़ कर रहे हैं। दुष्कर्म कर रहे हैं। बदायूं में एक हेल्प सेन्टर पर तैनात ए.एन.एम. को परेशान किए जाने की शिकायत पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। गोरखपुर में बेटी के साथ उस समय दुष्कर्म हुआ जब विधानमंडल में महामहिम राज्यपाल जी का अभिभाषण चल रहा था।

22 अप्रैल 2022 की रात ग्राम खेतराजपुर थाना मखई जिला प्रयागराज में

एक परिवार के 5 लोगों की हत्या हुई इसमें एक महिला और उसकी बेटी से दुष्कर्म हुआ। 12 से 21 मई 2022 तक मात्र दस दिनों में थाना नगराम लखनऊ में लौलाई गांव में 2 युवतियों से छेड़छाड़ और पिटाई की घटना हुई। थाना नगराम लखनऊ में 10 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म हुआ जबकि चिनहट लखनऊ के कमता इलाके में निजी कम्पनी में कार्यरत युवती से छेड़छाड़ का वाकया हुआ। बीबीडी लखनऊ के निकट मून सिटी निवासी बच्ची को अगवा किया गया।

थाना अतरौली जनपद अलीगढ़ की गांव निवासी युवती से सामूहिक दुष्कर्म हुआ। सीबीगंज बरेली निवासी किशोरी को छेड़खानी के विरोध पर तेजाब डालने की धमकी मिली। उसने स्कूल जाना बंद कर दिया। थाना कैराना शामली की 16वर्षीया छात्रा ने छेड़छाड़ से तंग आकर फांसी लगा ली। शाहजहांपुर शहर की एक प्राथमिक स्कूल की प्रधानाध्यापिका के साथ नशा कराकर दुष्कर्म का वीडियो बनाया। थाना और सैरपुर लखनऊ में 9 महीने की बच्ची का अपहरण कर हत्या की गई। थाना सदर सिद्धार्थनगर के कोड़रा ग्रांट के इस्माइलनगर टोला निवासी रोशनी की गोली मार कर हत्या। थाना बंथरा लखनऊ में युवती से दुष्कर्म का प्रयास हुआ नसीराबाद निवासी 26वर्षीय नीलम की ऊंचाहार रायबरेली के गोकनाघाट पर गला घोंट कर हत्या।

थाना सौरिक कन्नौज के गांव की एक बालिका को अगवाकर दुष्कर्म किया गया। इन्दिरानगर कोतवाली लखनऊ में फरीदीपुर की 20वर्षीय युवती से छेड़खानी हुई। थाना डीह जिला रायबरेली में बारात में हर्ष फायरिंग में महिला की मौत हुई।

फतेहपुर कोतवाली गांव निवासी बीए प्रथमवर्ष की छात्रा ने छेड़खानी से तंग आकर ज़हर खाया। थाना पीजीआई लखनऊ में तैनात महिला सिपाही सरिता निषाद ने खुदकुशी की। मड़ियांव लखनऊ की 17वर्षीय लड़की साथ दुष्कर्म। थाना बागपत में 15 मई 2022 को घर में घुस कर किशोरी से दुष्कर्म। आहत किशोरी ने ज़हर खाया। थाना सहादतगंज लखनऊ में दबग युवकों ने महिला से अभद्रता की परिवारीजनों को पीटा। थाना गाजीपुर लखनऊ में इन्दिरानगर में ट्यूशन पढ़ाने कई युवती से जबरन दुष्कर्म किया गया। थाना सिंहावली अहीर जनपद बागपत में कक्षा 8 की छात्रा से दुष्कर्म। थाना हाथरस के गांव में घर में घुसकर दुष्कर्म। थाना विकास नगर लखनऊ में युवती को नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म। थाना मंडियांव लखनऊ में बैंक में कार्यरत युवती से छेड़खानी। थाना पीजीआई लखनऊ के कल्ली पश्चिम निवासी 35वर्ष की सरिता की गला घोंट कर हत्या।


फोटो स्रोत : गूगल

महिलाओं के सम्मान की बड़ी-बड़ी बाते करने वाली भाजपा सरकार कब तक सच पर पर्दा डालती रहेगी? स्वच्छ भारत अभियान के नाम पर सत्ता संरक्षित भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। उत्तर प्रदेश के 3 हजार गांवों में जुगाड़ के बाथरूम से मां- बहन, बेटियों को इज्जत बचानी पड़ रही है। महिलाएं बोरी, चारपाई और पेड़ों की आड़ में नहाने को विवश हैं।

उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार काम कुछ नहीं कर रही है, लेकिन प्रचार बढ़-चढ़कर कर रही है। विज्ञापन और होर्डिंग में सरकार नम्बर वन है ताकि अपराधों में नम्बर वन होने को छुपाती रही। पुलिस को पूरी छूट मिली हुई है। थानों में पीड़िता की सुनवाई की जगह उनसे रेप होने लगा है। भाजपा सरकार में महिलाओं-बच्चियों की सुरक्षा की कतई उम्मीद नहीं रह गई है। यह सरकार भय, आतंक और अफवाहों के बल पर ही राजकाज चला रही है।

# पीड़ितों को मिला अखिलेश का साथ



## सिद्धार्थनगर में शोक संतप्त परिवार से भेंट

बुलेटिन ब्यूरो

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने 18 मई 2022 को सिद्धार्थनगर में कोडरा ग्रांट पहुंचकर पुलिस दबिश के दौरान पुलिस की गोली से हुई महिला की मृत्यु पर शोक संतप्त परिवार से भेंट की। उन्होंने परिवार को न्याय दिलाने के लिए उनका साथ देने का भरोसा दिलाया।

उन्होंने कहा मामले में पुलिस लीपापोती न कर सके इसके लिए इस कांड की जांच हाईकोर्ट के वर्तमान जज की निगरानी में होनी चाहिए। यह घटना शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगातार ऐसी घटनाएं हो रही है। चंदौली में फांसी लगाने की कहानी पुलिस ने बनाई। ललितपुर में थाने में दारोगा द्वारा बलात्कार का आरोप है। प्रदेश की पुलिस फर्जी एनकाउंटर के लिए बदनाम है। हिरासत में कई मौतें हुई हैं।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार को महंगाई, गरीब की रोजी-रोटी की चिंता नहीं वह नफरत और परस्पर वैमनस्य की राजनीति के सहारे बुनियादी मुद्दों से ध्यान हटाने की साजिश कर रही है। भाजपा महंगाई के सवाल से भाग रही है। समाज में भाईचारा मजबूत करने के बजाए भाजपा-आरएसएस समाज को बांटने की साजिश करने में लगी है।



# ललितपुर की बेटी को न्याय दिलाने का आश्वासन

बुलेटिन ब्यूरो

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने ललितपुर में पुलिस की यातना की शिकार बेटी के परिवारजनों से 5 मई 2022 को मिलकर उनको न्याय दिलाने का भरोसा दिलाने के बाद झांसी में पत्रकारों से वार्ता में कहा कि पुलिस लगातार अन्याय कर रही है। रक्षक पुलिस भक्षक बन गई है। देश में सबसे ज्यादा हिरासत में मौतों के मामले में उत्तर प्रदेश बदनाम है। पुलिस थाने वसूली और अराजकता के केन्द्र बन गए हैं। भाजपा सरकार द्वेष भावना से जाति, धर्म को देखकर बुलडोजर से लोगों के घर गिरा रही है। यूपी की कानून व्यवस्था सबसे खराब है।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि कोर्ट के स्टे के बावजूद बुलडोजर से घर तोड़ दिया जाता है। भाजपा के लोग तालाबों सरकारी ज़मीनों पर कब्जा करें तो कुछ नहीं होता। गोरखपुर में कारोबारी को पुलिस ने पीट-पीटकर मार डाला। चंदौली में दोनों बहनों को पुलिस ने पीटा। एक बहन की जान ले ली। ललितपुर की घटना ने सबको शर्मिंदा किया। यह सरकार आरोपी पुलिस कर्मियों को कब टर्मिनेट करेगी? समाजवादी निकल पड़े तब कार्रवाई करनी पड़ी।

श्री यादव ने कहा कि एक मंत्री अस्पताल जाते हैं और कहते हैं कि हम शर्मिंदा हैं। कल ललितपुर के जिस अस्पताल में मैं गया था वहां न डॉक्टर, न दवाई थी। उन्होंने कहा कि सरकार बताए बुंदेलखंड में कितने नौजवानों को नौकरी और रोजगार मिला? बुंदेलखंड में सबसे ज्यादा गरीबी और पानी का संकट है। बीजेपी सरकार ने उस दिशा में क्या किया? बुंदेलखंड में पानी के लिए आज भी लोगों को कई कई किलोमीटर तक जाना पड़ता है।



# चंदौली के परिवार को हर संभव मदद का भरोसा

बुलेटिन ब्यूरो

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने 9 मई 2022 को चंदौली जिले के मनराजपुर गांव में पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की। श्री अखिलेश यादव ने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए हर सम्भव मदद का भरोसा दिया। उन्होने सरकार से भी पीड़ित परिवार को मदद करने को कहा।

मनराजपुर गांव में पुलिस ने कन्हैया यादव के घर दबिश डालकर उनकी बेटियों की पिटाई की थी। पिटाई से एक बेटी की मौत हो गयी। श्री अखिलेश यादव ने घटना की हाईकोर्ट के सिटिंग जज से जांच कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि उच्चस्तरीय न्यायिक जांच से ही परिवार को न्याय मिलेगा। भाजपा सरकार की जांच से परिवार को न्याय नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि पुलिस दबिश देने नही दबंगई दिखाने जाती है। थाने अराजकता के केन्द्र बन गये हैं। बेटी और परिवार का आरोप है कि पुलिस ने जान ली है उस पर हत्या का मुकदमा चलना चाहिए। भाजपा सरकार में अन्याय और अत्याचार बहुत बढ़ गया है।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा समाज को शान्ति से नही रहने देना चाहती है। वह नफरत फैला रही है। भाजपा चाहती है लोग आपस में लड़ते रहे। उनके बीच झगड़ा लगा रहे। यादव ने कहा कि भाजपा लोकतंत्र को खत्म कर रही है। भाजपा ने यूपी को पुलिस स्टेट बना दिया है। पुलिस के जरिए प्रेस और जनता की आवाज दबाई जा रही है। सरकार पुलिस के जरिए जाति, धर्म देखकर झूठे मुकदमे लगा रही है। सबसे ज्यादा हिरासत में मौतें और फर्जी एनकाउंटर उत्तर प्रदेश में हुए हैं। भाजपा के राजनीतिक विरोधियों पर बुलडोजर चलाये जा रहे है। सरकार बताएं की हत्या में शामिल पुलिस कर्मियों के घरों पर बुलडोजर कब चलेगा। उन्होंने पीड़ित परिवार के लिए सुरक्षा की भी मांग की। इसी तरह की घटना हाथरस में भी हुई थी वहां भी पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिला।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार जनहित के काम करना नहीं चाहती है। वह जाति, धर्म के आधार पर द्वेष भावना से कार्य कर रही है। भाजपा सरकार बुलडोजर के जरिए गरीबों को परेशान कर डरा रही है। समाजवादी पार्टी जनता के साथ हो रहे अन्याय को बर्दाश्त नहीं करेगी।



# मृत महिला सब इंस्पेक्टर के परिजनों को ढांढस बंधाया

बुलेटिन ब्यूरो

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने को मृत सब इंस्पेक्टर सुश्री रश्मि यादव के परिवार से लखनऊ जनपद के गोंसाईंगज क्षेत्र के मलौली गांव स्थित आवास में 24 अप्रैल 2022 को जाकर भेंट की और शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दारोगा रश्मि यादव के चित्र पर माल्यार्पण किया। 22 अप्रैल 2022 को अमेठी जनपद के मोहनगंज थाना में तैनात सब इंस्पेक्टर महिला हेल्प डेस्क प्रभारी रश्मि यादव का शव संदिग्ध परिस्थितियों में थाना परिसर में बने सरकारी आवास के कमरे में फंदे से लटका मिला था।

श्री अखिलेश यादव ने कहा है कि अमेठी में पिछड़ी जाति की एक महिला सब इंस्पेक्टर को तथाकथित प्रभुत्ववादी जाति के पुलिस अधिकारियों द्वारा जातिगत मानसिक उत्पीड़न के बाद जिस तरह आत्महत्या करने पर बाध्य होना पड़ा वह बेहद दुःखद एवं निंदनीय घटना है। माननीय न्यायालय तत्काल संज्ञान ले और दोषियों को निलम्बित कर जांच बिठाए।

पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने मीडिया



से कहा कि मुख्यमंत्री जी की जाति के लोग एक कोने से दूसरे कोने तक बैठे हैं और वही अन्याय कर रहे हैं। पुलिस दबाव में है उसका राजनीतिक इस्तेमाल किया जा रहा है। भाजपा सरकार ने कानून व्यवस्था का सारा ढांचा बर्बाद कर दिया है।

श्री यादव ने कहा कि मेहनत से परीक्षा पास करके रश्मि यादव को नौकरी मिली थी। वह जनता की सेवा करना चाहती थी। उसका आत्महत्या करना दुखद है। जो जानकारी मिली है उसके अनुसार थाने पर काफी राजनीतिक दबाव में काम करना पड़ रहा था। एक विशेष जाति का होने से उस पर अतिरिक्त दबाव पड़ता था।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी पीड़ित परिवार को विधिक मदद देगी। रश्मि को न्याय मिलना चाहिए। वह जातिवादी मानसिकता का शिकार बनी।




# जेल में बंद समाजवादियों का हौसला बढ़ाया

बुलेटिन ब्यूरो

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने 9 मई 2022 को वाराणसी जेल पहुंचकर जेल में बंद निर्दोष समाजवादी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।

श्री यादव ने विधान सभा चुनाव के दौरान ईवीएम मशीनों की अवैध आवाजाही का विरोध करने वाले निर्दोष समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं को जेलों में डाल दिये जाने की निंदा की।

श्री यादव ने कहा ईवीएम मशीनों के स्थानान्तरण में नियमों का उल्लंघन हो रहा था। उसे रोकने पर समाजवादियों को जेल में क्यों डाल दिया गया है? उन्होंने कहा यूपी पुलिस स्टेट बन गया है। लोकतंत्र खत्म हो रहा है।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि ये समाजवादी साथी है जो लोकतंत्र बचाने के लिए जेल गए है। समाजवादी लोग इनकी पूरी मदद करेंगे। इनकी और इनके परिवार के लोगो की जो भी लीगल मदद जरूरी होगी करेंगे। ईवीएम एक जगह से दूसरी जगह नियमों से ले जाई जाती है उल्लंघन के खिलाफ चुनाव जिस समय इन नौजवानों और अन्य संगठनों ने आवाज उठाई थी उस समय चुनाव आयोग ने भी माना था कि गलती हुई है वहां के अधिकारियों के खिलाफ तब कार्रवाई की बात हुई थी।

श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने द्वेष भावना से जिन नौजवानों को जेल में डाला है वे सभी निर्दोष लोग हैं। समाजवादियों को परेशान करने के लिए






600 अज्ञात लोगों के खिलाफ फर्जी मुकदमे किये गए है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी ने भाजपा के लोगों से दलाली बन्द करने की अपील कर यह स्वीकार किया है कि भाजपा के लोग सत्ता की शह पर दलाली कर रहे है।

उधर 11 मई 2022 को श्री यादव एकतरफा पुलिस कार्रवाई से जेल में बंद समाजवादी पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से मिलने आजमगढ़ जेल पहुंचे। उन्होंने कहा लोकतंत्र को बचाने के लिए उठे समाजवादियों के कदम पीछे नहीं हटेंगे।

श्री अखिलेश यादव आजमगढ़ में पूर्व मंत्री श्री दारा सिंह चौहान जी की माता जी के त्रयोदशाह संस्कार में सम्मिलित होकर श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे थे। श्री अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार लोगों को चिह्नित करके बुलडोजर से डराना चाहती है। खासकर विपक्षी दलों के लोगों और मुसलमान भाइयों पर दुर्भावना से बुलडोजर चल रहा है।

# बिजली बेपटरी स्वास्थ्य सेवाएं चौपट



फोटो स्रोत : गूगल

बुलेटिन ब्यूरो

भाजपा सरकार में उत्तर प्रदेश में बिजली व्यवस्था और स्वास्थ्य सेवाएं दोनों खस्ताहाल हैं। घंटों बिजली कटौती से जनता त्रस्त है, वहीं किसी बीमार के लिए सरकारी अस्पतालों में जाने का अनुभव किसी बुरे सपने से कम नहीं। वैसे स्वास्थ्य मंत्री महोदय दिखावे के लिए अस्पतालों का औचक निरीक्षण करने का ड्रामा जरूर कर रहे हैं जहां उन्हें तमाम गड़बड़ियां मिल रही हैं जो खुद इस बात की गवाही दे रहे हैं कि पिछले पांच साल तक चली भाजपा सरकार में कैसे हालात बदतर हो गए। जब प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री ने स्वयं कह दिया है कि स्वास्थ्य विभाग और अस्पतालों की वर्तमान हालत देख वे शर्मिन्दा हैं तो समझा जा सकता है कि हालात कितने खराब हैं।

बिजली व्यवस्था बेपटरी होने से जहां गांव, कस्बों और शहरों में जनजीवन बुरी तरह अस्त-व्यस्त है वहीं उद्योगधंधे भी प्रभावित हो रहे हैं। कई इलाकों में जल संकट से हालात ज्यादा बिगड़ गए हैं। पहले से ही यह चेतावनी मौसम वैज्ञानिक दे चुके थे कि इस वर्ष गर्मी का ताप बहुत बढ़ेगा लेकिन भाजपा सरकार ने इस आपात स्थिति के समाधान पर ध्यान नहीं दिया। भाजपा सरकार और ऊर्जा मंत्री बयानों के बल पर ही गवर्नेंस का नाटक करते रहे। बिजली-पानी संकट के समाधान पर उन्होंने ध्यान नहीं दिया।

भाजपा सरकार की पर्याप्त और अबाध बिजली देने की थोथी घोषणाओं की पोलपट्टी खुल चुकी है। अघोषित बिजली कटौती से जनता बेहाल है। अघोषित बिजली कटौती से प्रदेश की जनता झुलस रही है। प्रदेश में हर तरफ हाहाकार मचा है पर भाजपा की डबल इंजन सरकार सत्ता की खुमारी में है। बिजली उत्पादन के क्षेत्र में पिछले पांच साल भाजपा ने कुछ नहीं किया।

Hindi News ▸ Home ▸ Uttar Pradesh

BALLIA

# साहब! ठेले पर अस्पताल, एम्बुलेंस में तेल ही नहीं, क्या करें?

यूपी के सीमावर्ती जिले बलिया से ऐसी तस्वीर सामने आई है. जो यूपी की स्वास्थ्य सुविधाओं पर बड़े सवाल खड़े करती हैं, क्योंकि एंबुलेंस में तेल नहीं है, जिसकी वजह से तीमारदार अपने मरीजों को ठेले पर बिठाकर अस्पताल तक लाते नजर आ रहे हैं.

Last Updated: May 07, 2022, 05:34 AM IST



फोटो स्रोत : गूगल

भाजपा की दोनों सरकारें होने के बावजूद बिजली व्यवस्था चौपट है। केन्द्र सरकार न तो पर्याप्त कोयला की आपूर्ति कर रही है और न ही अपने कोटे की बिजली उत्तर प्रदेश को उसका पर्याप्त हिस्सा उसे दे रही है।

ऐसे ही भाजपा सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को चौपट करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। अस्पतालों में हर दर्जे की लापरवाही हो रही है। लाखों की दवाएं कूड़े के ढेर में जा रही हैं। गरीब बिना दवा और बिना इलाज के दम तोड़ रहे हैं। सरकार के लोग इस सबसे बेफिक्र बस अपनी यशगाथा सुनाने में ही लगे रहते हैं।

भाजपा सरकार ने समाजवादी सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश में शुरू की गई संजीवनी 108 एम्बूलेंस सेवा को धक्कामार बना दिया है। एम्बूलेंस चालकों को सरकार के अहंकार और अन्याय की वजह से अपने जीवन में तकलीफे झेलनी पड़ रही है। तमाम ड्राइवरों की नौकरी जाने से परिवार दाने-दाने को मोहताज हो रहे हैं।

अस्पतालों में मरीजों के साथ उपेक्षापूर्ण व्यवहार होना आम बात हो गई है। अस्पताल की लापरवाही की वजह से बच्चे की मौत हो गई तो मजबूर मां अस्पताल की सीढ़ियों पर अपने बच्चे का शव को गोद में लेकर विलाप करती हुई दिखाई दी। ये तस्वीर बेहद दर्दनाक और शर्मनाक हैं। सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की भी कमी है।

गोरखपुर में मरीजों को विशिष्ट स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए एम्स की स्थापना की गई। भाजपा सरकार में यह अव्यवस्था का केंद्र बन गया है। समाजवादी सरकार ने एम्स के लिए मुफ्त जमीन उपलब्ध कराई थी। मुख्यमंत्री जी अपने गृह जनपद में बदइंतजामी के सिवाय कुछ नहीं दे सके है। एम्स में सुविधाओं का अभाव मरीजों पर भारी पड़ रहा है। मरीज को गोद में लेकर तीमारदार ओपीड़ी में बहुत मुश्किल से पहुंच पाते हैं।

भाजपा राज में उत्तर प्रदेश स्वास्थ्य इंडेक्स में सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है। स्वास्थ्य मंत्री के दौरों के बाद भी हालात में बदलाव का कोई संकेत नहीं दिखाई दे रहा है। विज्ञापनों पर सब कुछ ठीकठाक है पर धरातल पर सब चौपट नज़र आता है।

मेरठ में एम्बूलेंस घंटों इंतजार के बाद भी नहीं मिली तो पीठ पर बीमार बेटी को लादकर पिता अस्पताल में इलाज के लिए भटकता रहा। प्रतापगढ़ के सरकारी अस्पताल में एक बेड पर दो-दो मरीजों का इलाज हो रहा है। ओपीड़ी में कभी डाक्टर नहीं बैठते तो कभी समय से पहले ही बंद हो जाती है।

सुल्तानपुर के जिला अस्पताल में मरीज फर्श पर तड़पते दिखाई देते हैं। स्वास्थ्य सेवाओं के लिए करोड़ों रूपए की धनराशि बजट में आवंटित होती है, पर वह कहां जाती है, पता नहीं? आगरा के सरकारी अस्पताल में खटारा एंबुलेंस और टूटे तख्त मरीजों की तकदीर बन गए हैं। कोई लोगों का दुख दर्द सुनने वाला नहीं हैं।



# सदन में गरजे समाजवादी

बुलेटिन ब्यूरो

उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र में समाजवादियों की सक्रियता से सरकार को जन आकांक्षाओं से जुड़े सवालों का लगातार सामना करना पड़ा। नेता विरोधी दल के रूप में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने शानदार नेतृत्व क्षमता का परिचय देते हुए अपने भाषणों से सरकार को हर कदम पर घेरा।

राज्य विधानमण्डल के समक्ष महामहिम राज्यपाल ने 23 मई को जब अभिभाषण पढ़ा तब समाजवादी विधायकों ने लगातार तख्तियां लहराकर विरोध जताते हुए जनता



से जुड़े बुनियादी मुद्दों की ओर सरकार का ध्यान दिलाया।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि अभिभाषण न तो कुछ नयापन है और न उसमें प्रदेश के विकास की कोई सुनियोजित मंशा ही दिखाई देती है। सच तो यह है कि राज्यपाल जी ने भाजपा सरकार के थोथे दावों की पुस्तिका को ही पढ़कर अपने कार्यवृत्त की इति कर ली। इस किताब में कुछ भी सत्य नहीं है। जनता को भाजपा सरकार से गहरी निराशा ही हाथ लगी है।

उन्होंने कहा कि सरकार कुछ कहे पर जनता को सब सच्चाई मालूम है कि भाजपा सरकार ने पिछले पांच साल नाम और पत्थर बदलने में लगा दिए जबकि आज भी वह जनहित की ठोस योजनाओं की प्रस्तुति से वंचित है।

नामों में कुछ हेरफेर के साथ राज्य सरकार ने जो योजनाएं पेश की है वे सामान्यतः वही है जिनका प्रारम्भ समाजवादी सरकार में हुआ था। चिकित्सा और शिक्षा के क्षेत्र में नया कुछ करने के बजाय समाजवादी

# यह बजट नहीं बंटवारा है

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार के छठे बजट में कुछ बढ़ा नहीं सब कुछ घटा है। इस बजट में जनहित नदारद है। यह बजट नहीं बंटवारा है। इसमें सिर्फ आंकड़ों का मकड़जाल है। इस बजट से किसानों, नौजवानों, महिलाओं, व्यापारियों आदि तमाम लोगों को गहरी निराशा हुई है। बढ़ती महंगाई से आहत जनता को कोई राहत देने में भाजपा सरकार पूर्णतया विफल है। अभी भी पुरानी समाजवादी सरकार के ही काम नज़र आ रहे हैं।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि जिस भाजपा ने अपने चुनावी संकल्प-पत्र के वादों को भी नहीं निभाया, उन्हें झूठा बना दिया उससे कोई उम्मीद कैसे की जा सकती है। किसानों की आय दुगनी करने का वादा किया गया था, उसके बारे में राज्य सरकार चुप्पी साधे है। भाजपा राज में महंगाई चरम पर है। डीजल-पेट्रोल, सीमेंट, दाल, तेल, इस्पात, रसोई गैस सभी की कीमतें बढ़ी हैं। इससे गांवों में उदासी है। नौजवानों को नौकरी का झांसा दिया गया है। स्मार्टफोन और लैपटॉप का वादा नहीं निभाया। गांवों में न रोजगार है न नौकरियां है। भाजपा सरकार में कितने बेरोजगारों को नौकरी मिली, इसे सरकार क्यों नहीं बताती है?

श्री यादव ने कहा भाजपा सरकार के पास गरीब की मदद की कोई योजना नहीं है। गरीबों को गेहूं, चावल, तेल, नमक, चना देने की योजना थी लेकिन अब भाजपा राज में गेहूं नहीं मिलेगा, यह भी तय नहीं कि यह योजना कब तक चलाई जाएगी?

श्री यादव ने कहा कि भाजपा अपने वादे झुठलाने में भी नम्बर वन है। प्रदेश में न तो नया सैनिक स्कूल खुला और नहीं मेडिकल व्यवस्था में सुधार हुआ। अस्पतालों में लाखों मरीज आ रहे हैं। उनके इलाज, दवा की सुचारु व्यवस्था नहीं की गई। भाजपा सरकार प्राइवेट गन्ना मिलों से किसानों का गन्ना बकाया भुगतान कैसे कराएगी? जबकि वह किसानों का गन्ना बकाया राशि भी नहीं बता पा रही है। जनता को बिजली कटौती के कारण भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है।












सरकार के कामों को ही गिना दिया गया है। एक भी यूनिट बिजली का उत्पादन न करने वाली भाजपा सरकार में लोग बिजली कटौती के चलते अंधेरे और भीषण तपिश में जीने को मजबूर है।

महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण में किसानों, नौजवानों को गुमराह ही किया है। किसान की फसल औने पौने दाम पर बिक रही है। एमएसपी की अनिवार्यता पर एक भी शब्द नहीं है। किसान की आय दुगनी करने का वादा थोथा ही दिख रहा है। गन्ना किसानों के भुगतान की बड़ी राशि बकाया है। गेहूं खरीद का लक्ष्य पूरा नहीं हुआ।

उत्तर प्रदेश में भाजपा राज में निवेश के नाम पर कुछ भी नहीं हुआ। समाजवादी सरकार ने तो आईटी हब बनाकर दिखा दिया, भाजपा कोई नया मॉडल भी नहीं बना सकी। नौजवानों को रोजगार के लिए कोई योजना नहीं है। भाजपा सरकार ने सिर्फ पेपर लीक और भर्ती घोटालों की सौगात दी है। बेरोजगार नौजवानों को न्याय की मांग पर उन्हें सिर्फ लाठियों से पीटा गया। एक भी सैनिक स्कूल नहीं खोला गया।

अजीब बात है कि मुख्यमंत्री जी और भाजपा सरकार द्वारा प्रदेश में अपराधों में गिरावट के जो दावे किये जा रहे हैं उनकी पोल राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरों के आंकड़ों से खुल गई है। भाजपा सरकार में दुष्कर्म और महिला अपराध की घटनाएं आये दिन घट रही है। रोज ही लोगों की पुलिस हिरासत में मौते हो रही है। भाजपा सरकार और प्रशासन तंत्र केवल अपने हितों के लिए ही निर्दोषों का उत्पीड़न कर रही है। उन्हें जनता की सुरक्षा से कोई वास्ता नहीं है। उत्तर प्रदेश की लापरवाह भाजपा सरकार अव्यवस्था और महिला अपराध में केवल नम्बर वन बन गयी है।

श्री यादव ने कहा कि मंडी व्यवस्था को भाजपा सरकार ने बर्बाद कर दिया है। सरकार किसानों की मदद के बजाय उन्हें धोखा दे रही है। नीति आयोग के आंकड़े यूपी की सच्चाई बता रहे हैं। स्कूलों में अभी तक किताबें नहीं मिली? ड्रेस नहीं दे पाए, जूते मोजे नहीं दे पाए।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने आरक्षण व्यवस्थाओं को बदल दिया जिसकी वजह से दलित और पिछड़े नौजवानों की नौकरी छूट गई, ये सरकार काम रोकने वाली सरकार है। श्री यादव ने कहा जातीय जनगणना होनी चाहिए।




# सपा नेताओं के खिलाफ भाजपा सरकार का रवैया द्वेषपूर्ण

बुलेटिन ब्यूरो

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव द्वारा पार्टी नेताओं के नेतृत्व में भेजे गए प्रतिनिधि मंडलों ने कहा है कि भाजपा सरकार समाजवादी पार्टी के नेताओं के खिलाफ द्वेषपूर्ण तरीके से बदले की भावना से कार्रवाई कर रही है।

पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सदस्य विशंभर प्रसाद निषाद के नेतृत्व में बांदा से लौटे प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को सौंपी अपनी रिपोर्ट में बताया है कि पूर्व विधायक और समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी रहे श्री बृजेश प्रजापति के मकान का निर्माण 10 -11 साल पहले हुआ था। 2010 से मकान में बिजली का मीटर और पानी का कनेक्शन है तथा 2013 से नगर पालिका में हाउस टैक्स जमा किया जा रहा है। श्री बृजेश प्रजापति के मकान के आसपस मोहल्ले में अन्य कई आलीशान बंगलें, कोठिया बनी हुई हैं। इसी इलाके में सत्ता दल के कई नेताओं की भी बंगले और कोठियां बनी हुई हैं। प्रतिनिधिमंडल ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि बृजेश कुमार प्रजापति पहले भाजपा में थे, 5 साल तक विधायक रहे और 2022 के चुनाव में वह भाजपा छोड़कर समाजवादी पार्टी में आए और विधानसभा के प्रत्याशी बनाए गए, जिसके कारण राजनैतिक बदले की भावना से भाजपा सरकार के इशारे पर उनके मकान के ध्वस्तीकरण की नोटिस देकर कार्यवाही की गई।

प्रतिनिधिमंडल में श्री विशंभर प्रसाद निषाद

के साथ पूर्व सांसद राजाराम पाल, बबेरू से पूर्व विधायक विशंभर सिंह यादव, चिलकूट सदर के विधायक अनिल प्रधान और बांदा के जिला अध्यक्ष विजय करन यादव शामिल रहे।

इसी तरह से समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एमएलसी डॉ राजपाल कश्यप के नेतृत्व में शाहजहांपुर के निगोही से लौटे प्रतिनिधिमंडल ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव को सौंपी अपनी रिपोर्ट में बताया है कि भाजपा सरकार ने पूर्व विधायक और समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रत्याशी रोशन लाल वर्मा के मकान पर बदले की भावना से बुलडोजर चलाकर भवन को गिराया है।

प्रतिनिधिमंडल ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि भाजपा सरकार ने बदले की भावना से जिस बिल्डिंग को गिराया है, वह पूर्व विधायक श्री रोशनलाल वर्मा की विधवा बहू श्रीमती रुचि वर्मा पत्नी स्व. विनोद वर्मा का है। यह मकान थाना निगोही के भवन से लगा है। जबकि दूसरी तरफ दुकानें, आवास बने हुए हैं। प्रशासन ने श्रीमती रुचि वर्मा को मकान गिराने का कोई नोटिस नहीं दिया था।

श्री रोशनलाल वर्मा ने अपनी भूमि का आधा हिस्सा करीब डेढ़ बीघा 2 वर्ष पूर्व कस्तूरबा गांधी विद्यालय के नाम दान में भी दिया था। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि सभी तथ्यों की जांच करने के बाद पता चला है कि भाजपा सरकार ने बदले की भावना से राजस्व कर्मियों व प्रशासन को दबाव में लेकर मकान गिराने का अवैध कृत्य किया है। प्रतिनिधिमंडल ने इस संबंध में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर जानकारी ली, लेकिन प्रशासन ने कोई जवाब नहीं दिया और नोटिस पर भी प्रशासन ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया। प्रतिनिधिमंडल ने जिला प्रशासन को एक ज्ञापन देकर तोड़े गए मकान को पुनः निर्माण कराने तथा दोषी अधिकारियों कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में विधान परिषद सदस्य डॉक्टर राजपाल कश्यप, पूर्व मंत्री श्री हेमराज वर्मा, पूर्व विधान परिषद सदस्य शशांक यादव, शाहजहांपुर के सपा जिला अध्यक्ष तनवीर खां, जिला महासचिव रणवीर सिंह, महानगर अध्यक्ष कपिल वर्मा, ददरौल विधानसभा क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी राजेश वर्मा शामिल रहे।

**प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि सभी तथ्यों की जांच करने के बाद पता चला है कि भाजपा सरकार ने बदले की भावना से राजस्व कर्मियों व प्रशासन को दबाव में लेकर मकान गिराने का अवैध कृत्य किया है**


बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर बहराइच के कुंडासर मे हुई घटना की जांच के लिए समाजवादी पार्टी द्वारा लोहिया वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष रामकरण निर्मल के नेतृत्व में भेजे गए प्रतिनिधिमंडल ने अपनी रिपोर्ट पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव को सौंप दी है। प्रतिनिधि मंडल ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि बहराइच जिले के फखरपुर थाना के ग्राम कुंडासर में कमलेश कुमारी के नेतृत्व में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मना रहीं सुनीता, सरोज, पूजा आदि महिलाएं और गांव के अन्य लोगों के साथ भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष के पुत्र अजय सिंह व उनके परिवार के अन्य सदस्यों ने असलहों से लैस होकर अराजकता और मारपीट की।

अजय सिंह के साथ विपिन सिंह विक्की सिंह आकाश सिंह बॉबी सिंह ने बाबा साहब की प्रतिमा को पैरों से गिराकर लात, जूतों से रौंदा। प्रतिमा उठाकर तालाब में फेंक दिया, वहां पर मौजूद जयंती मना रही दलित समाज की महिलाओं एवं गांव के लोगों ने इसका विरोध किया।

अजय सिंह समेत अन्य दबंगो ने महिलाओं और गांव वालों के साथ हाथापाई की, मारा-पीटा, जातिगत गालियां और जान से मारने व सभी को उजाड़ने की धमकी दी। पीड़ित पक्ष ने घटना को लेकर थाने में तहरीर दी, लेकिन पुलिस प्रशासन ने कोई कार्यवाही नहीं की।

उल्टे प्रशासन ने घटना को दबाने के लिए, जयंती मना रहे साहब के अनुयायियों में डर पैदा करने के लिए कमलेश कुमारी समेत गांव के 12 अन्य लोगों के खिलाफ भाजपा नेताओं के इशारे पर फर्जी मुकदमा दर्ज कर उनका उत्पीड़न करना शुरू कर दिया।

# लोकतंत्र और समाजवाद के प्रणेता



फोटो स्रोत : गूगल

# मधु लिमये

1 मई 2022 जन्म **शताब्दी वर्ष** के अवसर पर

जयशंकर पाण्डेय

भारत की संसदीय राजनीति में दलबदल कानून ने लोकतंत्र में असहमति के अधिकार को कमजोर कर दिया। देश में जब कांग्रेस पार्टी का चतुर्दिक अधिपत्य था, तो समाजवादी नेता डॉ राम मनोहर लोहिया ने कहा था कि हिन्दुस्तान में जवाहर लाल नेहरू का व्यक्तित्व हिमालय की तरह है और जब तक उससे टकराया नहीं जाएगा तब तक उसमें दरार नहीं पड़ेगी और उन्होंने दिल्ली की सत्ता से कांग्रेस को हटाने के लिए गैर-कांग्रेसवाद का नारा दिया। जिसमें सारे छोटे-छोटे दलों को मिलाकर कांग्रेस को चुनौती दी गई और इसी समय गैर-कांग्रेसवाद के बढ़ने के बाद दल-बदल का भी कार्यक्रम शुरू हुआ और हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री भजन लाल के समय में आयाराम-गयाराम का मुहावरा पूरे देश में प्रसिद्ध हो गया।

दल-बदल पर रोक लगाने के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी जी ने एक कमेटी श्री जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में बनाई जो दल-बदल को रोकने के लिए सुझाव दे और उस कमेटी के सदस्य के रूप में श्री अटल बिहारी वाजपेयी, श्री मोरारजी देसाई और श्री मधु लिमये को रखा। कमेटी ने सरकार को सुझाव दिया कि असहमति का अधिकार हर नागरिक के पास सुरक्षित रहना चाहिए। यदि असहमति का अधिकार छीन लिया जाएगा तो राजनैतिक दल मनमाने फैसले कर लेंगे और लोकतंत्र की मूल भावना समाप्त हो जाएगी। इसलिए केन्द्रीय नेतृत्व से असहमति का अधिकार सुरक्षित रहना चाहिए। लेकिन यह सुझाव श्रीमती इन्दिरा गांधी को रास नहीं आया और उन्होंने इस सुझाव पर विराम लगा दिया।

जब 1977 में श्री मोरारजी देसाई प्रधानमंत्री बनें तो उन्होंने दल-बदल के सम्बंध में ऐसे कानून बनाने की कोशिश की जिससे असहमति के अधिकार को खत्म कर देने की शक्ति राजनैतिक दलों के पास आ जाती। श्री मधु लिमये जी उस वक्त, संसद सदस्य और जनता पार्टी के महासचिव थे। उन्होंने इस प्रस्तावित कानून का पूरी ताकत

# मधु जी ने संसदीय राजनीति और आंदोलन को समृद्ध किया

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने 1 मी 2022 को महान समाजवादी नेता श्री मधु लिमये की जयंती पर उनके प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ राम मनोहर लोहिया की समाजवादी विचारधारा में श्री मधु लिमये प्रखर वैचारिक समाजवादी थे। उन्होंने अपनी मेधा से संसदीय राजनीति और आंदोलन दोनों को समृद्ध किया। कम उम्र में ही वे 1942 के स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय हो गये थे। उसके बाद गोवा मुक्त कराने के लिये भी उन्होंने लगातार संघर्ष किया। यह वर्ष श्री मधु लिमये का जन्म शताब्दी वर्ष हैं।

आपातकाल के दौरान लोकतांत्रिक मूल्यों की लड़ाई लड़ने के कारण उन्हें मीसाबंदी के रूप में जेल भी जाना पड़ा। तीसरी, चौथी, पांचवी और छठी लोकसभा के सदस्य के रूप में उनकी बहस आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने अनेक पुस्तकों का लेखन कर भारत के लोकतांत्रिक विमर्श को समृद्ध किया।



के साथ विरोध किया और यह कानून पास नहीं हो पाया। जब इन्दिरा जी के निधन के बाद राजीव गांधी जी देश के प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने पूज्य महात्मा गांधी के शललहादत के दिन 30 जनवरी को दल-बदल विधेयक कानून पास करवा दिया। जिस दिन यह कानून पास हुआ उस समय श्री मधु दण्डवते जी भी संसद में थे। जिन्होंने विधेयक के पक्ष मतदान किया था।

जब वे मधु जी से मिलने के लिए पण्डारा पार्क स्थित उनके आवास पर आए तो मधु जी ने उनको विधेयक के बारे में समझाया। तब उन्हें यह एहसास हुआ कि उन्होंने कितनी बड़ी गलती कर दी है। मधु लिमये जी अक्सर कहते थे कि दल-बदल के कारण लोकतंत्र की क्षति हुई है। ऐसी व्यवस्था कर दी जाए कि जो लोग दल-बदल करेंगे उन्हें नई पार्टी की सरकार में तब तक मंत्री अथवा लाभ का पद नहीं दिया जाएगा जब तक उस सरकार का कार्यकाल खत्म न हो जाए तथा उनके विधायक अथवा सांसद पद से कोई छेड़छाड़ न किया जाए और जब दल-बदल करने वाला नई पार्टी में अगला चुनाव जीतकर आए तो मंत्री अथवा लाभ का पद दिया जाए। इससे केवल वही लोग दल-बदल करेंगे जो अपने सिद्धांतों पर अडिग होंगे।

आज दल-बदल राजनैतिक दुरुपयोग का साधन बन चुका है। जिसका उपयोग सत्ताधारी दल बेहिचक कर रहा है। 1971 में जब इन्दिरा गांधी जी की सरकार बनी तो उनके पास अपार बहुमत था। वे संविधान के संशोधन मनचाहे ढंग से कर सकती थीं लेकिन पांचवीं लोकसभा में मुट्ठी भर सांसद दिल्ली की सरकार को मधु जी के नेतृत्व में अपने तर्कों के आधार पर नहीं चलने देते थे और जनहित के किसी भी प्रकरण को सरकार नज़रअंदाज नहीं कर पाती थी। संसद में जब भी लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता पर आंच आई तो मधु जी ने यही कहा कि धर्मनिरपेक्षता हमारे लोकतंत्र की आधारशिला है और जो लोग संविधान की शपथ लेकर सांसद, मंत्री और विधायक बनते हैं उन्हें संविधान में लिखे गए शब्दों का अक्षरशः पालन करना चाहिए क्योंकि देश की आजादी की लड़ाई का मूल उद्देश्य ही सामाजिक न्याय, धर्मनिरपेक्षता और लोकतंत्र की स्थापना थी।

संसद में विपक्ष की भूमिका को मधु लिमये जी सरकार की भूमिका से कम नहीं मानते थे और विपक्ष में रहते हुए मधु जी ने संसद की गरिमा और महिमा में विपक्ष के योगदान को विस्तृत स्तर पर फैलाने का काम किया और जब मधु जी संसद सदस्य नहीं रहे तब भी वे संसद के कॉमन हॉल में संसद सदस्यों को लोकतंत्र को मजबूत बनाने का सुझाव देते थे।

मधु जी के व्यक्तित्व से प्रभावित होकर देश की प्रधानमंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी जी ने एक बार कहा था की संसद के सदस्यों को मधु जी के सरल जीवन और योग्यता से सबक सीखना चाहिए तथा उसे अपने जीवन में उतारने का प्रयास करना चाहिए।

**(लेखक सपा के पूर्व विधायक हैं)**

# होनहारों का उत्साहवर्धन



बुलेटिन ब्यूरो

किसी भी क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करने वाले नौजवानों में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव से मिलने की एक विशिष्ट ललक रहती है। अखिलेश जी भी नियमित रूप से ऐसे होनहारों से मिलकर उनका उत्साहवर्धन जरूर करते हैं।

इसी कड़ी में 15 मई 2022 को श्री अखिलेश यादव से लखनऊ में राजकुमारी मेवाराम इन्टर कॉलेज, डम्मर पुरवा अमोलर कन्नौज के 60 छात्रों ने कॉलेज के प्रबंधक, प्रधानाचार्य तथा शिक्षकों सहित भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया।

ग्रामीण क्षेत्र के किसानों-श्रमिकों के बच्चों के चेहरे श्री अखिलेश यादव से मिलकर खिल उठे। उनका कहना था कि वे अखिलेश जी का नाम तो सुनते थे




आज उनसे मिलकर उन्हें बहुत अच्छा लगा। इसके पूर्व कालेज के इस दल ने लखनऊ के प्राणि उद्यान का भी भ्रमण किया।

श्री अखिलेश यादव ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इन दिनों उनका ग्रीष्मकालीन अवकाश चल रहा है। उन्हें खेल-कूद और भ्रमण के साथ पढ़ाई पर भी ध्यान देते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपने गांव-शहर से बाहर घूमने पर उनकी जानकारी बढ़ती है।


श्री अखिलेश यादव ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इटावा जनपद में लॉयन सफारी का भी बच्चों को भ्रमण करना चाहिए। यह सफारी समाजवादी सरकार में 300 एकड़ क्षेत्र में बनाई गयी है। जिसमें 200 एकड़ में हरियाली है, जहां विविध प्रजाति के वृक्ष लगाए गए हैं। इस क्षेत्र की सुन्दरता सभी को आकर्षित करती है। पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए प्रदूषण मुक्त क्षेत्र की चर्चा पूरे देश में है। समाजवादी सरकार द्वारा विकसित की गयी लॉयन सफारी की सराहना और हरियाली की प्रशंसा हर व्यक्ति करता है।

श्री अखिलेश यादव से कॉलेज प्रबंधक श्री दीपक यादव, प्रधानाचार्य श्री सुनील यादव, अध्यापक श्री हिमांशु यादव एवं शिक्षिका श्रीमती गोल्डी यादव एवं चंदन यादव ने भेंट कर कालेज की प्रगति के बारे में बताया।

इसी तरह 2 मई2022 को श्री अखिलेश यादव से स्कैटिंग गोल्ड मेडल विजेता श्री समर्थ कन्नौजिया और श्री कृतिक कन्नौजिया ने भेंट किया। दोनों खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्कैटिंग चैम्पियनशिप मोहाली, चंडीगढ़, पंजाब में अण्डर 7वर्ष में 2




Lion Safari
Etawah



गोल्ड मेडल प्राप्त कर देश और प्रदेश का गौरव बढ़ाया है।

श्री अखिलेश यादव ने दोनों खिलाड़ियों और उनकी माता श्रीमती चन्द्रप्रभा कन्नौजिया राष्ट्रीय सचिव महिला सभा को बधाई दिया। श्री यादव ने श्री समर्थ और श्री कृतिक को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दोनों प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं। उम्मीद है कि भविष्य में वे राष्ट्रीय अन्तर्राष्ट्रीय मंचों पर अपनी प्रतिभा का अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

श्री अखिलेश यादव से पहली मई 2022 को 48 वर्षीय साइकिल यात्री श्री भाऊसाहेब भंवर जालनाबाद जनपद के हसनाबाद गांव के निवासी ने समाजवादी पार्टी मुख्यालय में भेंट की।

श्री यादव ने मजदूर दिवस पर साइकिल यात्री श्री भाऊ साहेब भंवर को प्रशंसा पत्र और सहायता प्रदान कर सम्मानित कर कहा कि भाऊ साहेब सामाजिक बुराइयों जैसे नशा, दहेज, भ्रूण हत्या के खिलाफ जनता को जागरूक करने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। 1 मई 1993 औरंगाबाद, महाराष्ट्र से साइकिल यात्रा शुरू कर वे पूरे देश में राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने के लिए पिछले 29 वर्षों से लगातार साइकिल यात्रा करते हुए दुर्गम और पिछड़े क्षेत्रों में जाना उनके हौसले और लगन का उदाहरण है। श्री यादव ने उनके प्रयासों की सराहना करते हुए उनके अभियान की सफलता के लिए शुभकामना दी।

श्री अखिलेश यादव से भेंट के बाद श्री भाऊ साहेब भंवर ने कहा कि 1993 से साइकिल यात्रा कर रहा हूँ जिसकी शुरुआत औरंगाबाद से हुयी थी। अब तक पूरे देश में साढ़े तीन लाख किलोमीटर साइकिल चला चुका हूँ। दहेज के कारण जब उनके परिवारीजन का विवाह नहीं हो सका, इस घटना से आहत होकर इस कुप्रथा के खिलाफ जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। श्री भाऊसाहेब के पास मोबाइल और बैंक अकाउंट भी नहीं है। उनके पास संपत्ति के नाम पर सिर्फ एक साइकिल है।

श्री भाऊ साहेब ने कहा कि श्री अखिलेश यादव से मुलाकात कर उत्साहित और ऊर्जावान महसूस कर रहा हूं। समाजवादी पार्टी का चुनाव चिन्ह साइकिल है। श्री अखिलेश यादव को साइकिल प्रिय है। दुनिया में सबसे ज्यादा लोग साइकिल ही पसंद करते है। यह स्वास्थ्य के लिये भी हितकर है। श्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी सरकार ने जनता के लिये अनेक महत्वपूर्ण कार्य किये यह पूरे देश के लिये नज़ीर है। साइकिल यात्रियों की सुविधा के लिये महानगरों में साइकिल ट्रैक समाजवादी सरकार की ही देन है।

## समाजवादी परंपरा

# सर्वधर्म समभाव



# ईद की मुबारकबाद

बुलेटिन ब्यूरो

भारतीय समाज में त्योहारों से जीवंतता बनी रहती है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव त्योहारों में अपनी सक्रिय सहभागिता से जनता में मेल-मिलाप और भाईचारे का संदेश देते हैं।

श्री अखिलेश यादव 3 मई को ईदगाह लखनऊ गये उसके बाद टीले वाली मस्जिद जाकर सभी को ईद की बधाई दी। मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली, टीले वाली मस्जिद के इमाम मौलाना फजले मन्नान, हजरत मौलाना सैय्यद शाह वासिफ हसन वाइजी ने पूर्व मुख्यमंत्री श्री यादव का इस्तकबाल किया।

श्री यादव ने कहा कि त्यौहारो के माध्यम से आज संदेश जाए कि इस पीढ़ी से अगली पीढ़ी तक हम मिलकर यहां रहते आये हैं। यही हमारी पहचान है कि हम सब मिलकर रहते हैं। ईद सद्भाव, भाईचारा और सुख-शांति का संदेश देता है।

श्री अखिलेश यादव ने सबका अभिवादन स्वीकार किया। नौजवानों ने कई स्थानों पर श्री यादव का फूलमालाओं से स्वागत किया। पूरे रास्ते युवाओं का जोश देखने लायक था। लोगों का कहना था कि आप फिर मुख्यमंत्री बनेंगे।



# बुद्ध पूर्णिमा पर पुष्प अर्पण

बुलेटिन ब्यूरो

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने 16 मई को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर लखनऊ में रिसालदार पार्क स्थित बुद्ध विहार में भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर वंदना की।

श्री अखिलेश यादव ने शांति की कामना करते हुए शांति और अहिंसा के दूत भगवान बुद्ध को नमन करते हुए बुद्ध पूर्णिमा की शुभकामनाएं दी।

बुद्ध विहार में विहाराध्यक्ष बौद्ध भिक्षु ज्ञानालोक उनके सहयोगी भिक्षु कौशल बोधि, भिक्षु सुमन रतन ने श्री अखिलेश यादव का स्वागत किया।

इस अवसर पर बौद्ध भिक्षुओं ने शांति के लिए मंगलकामनाएं की।

श्री अखिलेश यादव के साथ समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव श्री राजेन्द्र चौधरी, नेता प्रतिपक्ष विधान परिषद श्री संजय लाठर, विधायक रविदास मेहरोत्रा, जावेद आब्दी एवं राम सागर यादव आदि उपस्थित रहे।



# किसानों के मसीहा को नमन

बुलेटिन ब्यूरो

समाजवादी पार्टी द्वारा राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश के सभी जनपदों में किसानों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी की पुण्यतिथि 29 मई पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव



ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर विधान भवन लखनऊ स्थित चौधरी चरण सिंह जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। श्री अखिलेश यादव ने अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि चौधरी चरण सिंह देश के किसानों के सबसे बड़े नेता रहे। उन्होंने जीवन भर किसानों के लिए संघर्ष किया। समाजवादी पार्टी चौधरी चरण सिंह के बताए रास्ते पर चलेगी और किसानों को न्याय दिलाएगी।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि बीजेपी ने किसानों के सपनों को चकनाचूर कर दिया है। भाजपा ने किसानों से किया एक भी वादा पूरा नहीं किया। भाजपा जिस रास्ते पर देश को ले जाना चाहती है उससे किसान बर्बाद हो जाएगा। श्री यादव ने कहा कि पूरे देश ने देखा किस तरह से लखीमपुर खीरी में किसानों पर थार जीप चढ़ायी गयी। किसानों को कुचल कर मार दिया गया। कर्ज और महंगाई से त्रस्त तमाम किसानों ने आत्महत्या कर ली। किसान आंदोलन में सैकड़ों किसान मारे गए। किसानों को फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य भी नहीं मिला।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि चौधरी चरण सिंह देश के पांचवें प्रधानमंत्री भी थे। उत्तर प्रदेश के वे दो बार मुख्यमंत्री और केंद्र में वित्त तथा गृह मंत्री भी रहे। उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन भारतीयता और ग्रामीण परिवेश की मर्यादा में जिया। वे गांव-गरीब की आवाज़ थे। उनका ध्येय वाक्य था कि भारत के समस्त किसान आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो। उन्होंने कहा कि जब तक किसान और गांव आर्थिक रूप से समृद्ध नहीं होंगे, तब तक भारत तरक्की नहीं कर सकता।

इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री सर्वश्री राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल समेत कई विधायकों एवं अन्य वरिष्ठ नेताओं आदि ने भी पुष्पांजलि अर्पित की।

# याद किए गए पण्डित सिंह

बुलेटिन ब्यूरो



समाजवादी पार्टी प्रदेश मुख्यालय पर दिनांक 7 मई 2022 को पूर्व मंत्री एवं समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय विनोद कुमार सिंह उर्फ पण्डित सिंह की प्रथम पुण्यतिथि मनायी गयी।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने स्वर्गीय पण्डित सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री माता प्रसाद पाण्डेय, प्रदेश अध्यक्ष श्री नरेश उत्तम पटेल, राष्ट्रीय सचिव श्री राजेन्द्र चौधरी, पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य, नेता प्रतिपक्ष विधान परिषद श्री संजय लाठर, पूर्व मंत्री श्री धर्म सिंह सैनी, श्री योगेश प्रताप सिंह, स्वर्गीय पण्डित सिंह के भतीजे गोण्डा से पूर्व प्रत्याशी श्री सूरज सिंह, श्री पण्डित सिंह के अनुज श्री महेश सिंह, श्री नरेन्द्र सिंह पुत्र डॉ अभिषेक सिंह ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते हुए श्री अखिलेश यादव ने कहा कि स्वर्गीय पण्डित सिंह जी समाजवादी पार्टी के बहादुर और समर्पित नेता थे। वह ऐसे नेता थे जिन पर 100 फीसदी भरोसा किया जाता था। वह कार्यकर्ताओं के लिए लड़ने और कभी पीछे न हटने वाले नेता थे। पण्डित सिंह कोई भी फैसला लेते थे तो हमेशा पार्टी लीडरशिप को भरोसे में लेकर करते थे।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि विधान सभा 2022 के चुनाव परिणाम पर जनता भरोसा नहीं कर पा रही है। जनता ने समाजवादी पार्टी को बहुत वोट दिये। समाजवादी पार्टी को जनता ने जिताया लेकिन सिस्टम ने भाजपा को जिताया है। समाजवादी पार्टी फिर उसी तरह से अन्याय के विरूद्ध लड़ेगी। भाजपा सरकार में महंगाई लगातार बढ़ रही है।



# अजित सिंह

## आजीवन किसानों के लिए समर्पित

बुलेटिन ब्यूरो

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने 6 मई को समाजवादी पार्टी मुख्यालय में पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्री चौधरी अजित सिंह की पहली पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि श्री चौधरी अजित सिंह जी का पूरा जीवन किसानों के अधिकारों की लड़ाई के लिये समर्पित रहा। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में उन्होंने उत्तर प्रदेश सहित पश्चिम यूपी के समीपवर्ती क्षेत्रों में अनेक किसान आंदोलनों को मजबूत समर्थन दिया। केन्द्रीय मंत्री के रूप में उन्होंने समाज के कमजोर वर्गों के हित में सक्रिय भूमिका निभायी थी।



# राम स्वरूप सिंह यादव की प्रतिमा का अनावरण

बुलेटिन ब्यूरो

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने कहा है कि राज्य की जनता बदलाव और नई सरकार चाहती थी। चुनाव परिणाम आने के बाद जनता के साथ चुनावी एक्सपर्ट भी हैरान थे। इससे जनता में तो घोर निराशा है। सरकार में आने के बाद भी भाजपाईयों के चेहरे बुझे हुए हैं। क्योंकि वे समझ रहे है कि सत्ता में वे कैसे आए हैं? जनता ने सपा पर भरोसा जताया है।

श्री अखिलेश यादव 2 मई को मोहनलालगंज लखनऊ के समेसी बाजार क्षेत्र के भवानी खेड़ा गांव में वरिष्ठ समाजवादी नेता स्वर्गीय राम स्वरूप सिंह यादव जी की प्रतिमा के अनावरण करने के बाद कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा जातिवादी पार्टी है। भाजपा की सरकार में केंद्र से राज्य तक जातिवाद की भरमार है। भाजपा की सरकार भ्रष्टतम है।

श्री अखिलेश यादव मोहनलालगंज स्थित एन आर एन पब्लिक इन्टर कॉलेज भी गए जहां प्रिंसिपल प्रमोद कुमार कुशवाहा ने उनका स्वागत किया। यहां बच्चों ने उनका अभिनंदन किया। यहां पूर्व विधायक श्री नीरज मौर्य भी उपस्थित थे। श्री यादव का मोहनलालगंज तहसील पर अधिवक्ताओं ने स्वागत किया। मोहनलालगंज से लौटते समय समेसी में चवन्नी टी स्टाल पर श्री अखिलेश यादव रूके। नगराम मोड़ पर श्री अमर पाल सिंह ने उनका स्वागत किया।

# महाराणा प्रताप

## अदम्य वीरता व शौर्य के प्रतीक



बुलेटिन ब्यूरो

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने 9 मई को मेवाड़ मुकुट वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की जयंती पर सादर नमन करते हुए कहा कि उनकी अदम्य वीरता, शौर्य और मातृभूमि के प्रति अगाध श्रद्धा आज भी हर देशवासी के लिए आदर्श है। अपने स्वाभिमान और स्वतंत्रता के लिए महाराणा प्रताप ने कड़ा संघर्ष किया उनकी वीरता की कहानियों से आज भी रोमांच होता है।

समाजवादी पार्टी राज्य मुख्यालय, लखनऊ में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण के पश्चात भावभीनी श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि महाराणा प्रताप जी अन्याय के विरूद्ध लड़े थे। यह युद्ध आज भी जारी है सिर्फ साधन बदला है। अब लोकतंत्र और समाजवाद की रक्षा की लड़ाई है जो अहिंसक तरीके से लड़ी जानी है। आजादी के 75 वर्ष हुए है लेकिन स्वतंत्रता सेनानियों के सपने अधूरे हैं।

देश की एकाधिकारी प्रवृत्तियों के खिलाफ लड़ाई में हमारे साथ सक्षम और परिपक्व नेतृत्व श्री अखिलेश यादव का है। उनमें गहरी राजनीतिक समझ और कुशल नेतृत्व की क्षमता है। संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए हम उनके नेतृत्व में संघर्ष करने के लिए संकल्पित है। महाराणा प्रताप जी की अन्याय के विरूद्ध संघर्ष की लड़ाई समाजवादी जारी रखेगें।

महाराणा प्रताप के संघर्ष की कहानी आज भी हमें प्रेरणा देती है। कवि श्री श्याम नारायण पाण्डेय ने हल्दीघाटी के युद्ध पर अमर काव्य ग्रंथ की रचना की। महाराणा प्रताप की यश गाथा अमर है।



# साफ़ और बेबाक



**Akhilesh Yadav**
@yadavakhilesh

Socialist Leader of India. Chief Minister of UP (2012 - 2017)

---

**Akhilesh Yadav** @yadavakhilesh

सपा के वरिष्ठ नेता व विधायक मा. श्री आज़म ख़ान जी के जमानत पर रिहा होने पर उनका हार्दिक स्वागत है। जमानत के इस फ़ैसले से सर्वोच्च न्यायालय ने न्याय को नये मानक दिये हैं। पूरा ऐतबार है कि वो अन्य सभी झूठे मामलों-मुक़दमों में बाइज़्ज़त बरी होंगे।

झूठ के लम्हे होते हैं, सदियाँ नहीं!

---

**Akhilesh Yadav** @yadavakhilesh

बुलंदशहर में अतिक्रमण के नाम पर एक ग़रीब के घर पर बुलडोज़र चलाने के दौरान घर के मलबे में दबकर घायल हुए व्यक्ति की मौत उप्र में जनाक्रोश का कारण बन गयी है। बुलडोज़र चढ़ा देने की धमकी भाजपा के राज में वसूली का नया तरीक़ा बन गया है।

बुलडोज़र भाजपा का नया बाहुबली बन गया है।

Translate Tweet



---

**Akhilesh Yadav** @yadavakhilesh

आज विधानसभा में सशक्त, सक्रिय और सार्थक प्रतिपक्ष की भूमिका में जनहित के मुद्दों के साथ।

Translate Tweet



---

**Akhilesh Yadav** @yadavakhilesh

उप्र में एंबुलेंस न मिलने से मजबूर होकर एक मरीज़ को हाथ गाड़ी पर ले जाने का दृश्य शायद भाजपा सरकार को दिखाई दे, जनता के दर्द की पुकार सुनना तो उन्होंने पहले से ही बंद कर रखा है।

स्वास्थ्य मंत्री अस्पतालों का सिर्फ़ दिखावटी निरीक्षण न करें; भाजपाई राजनीति का आत्म परीक्षण भी करें।

Translate Tweet



---

**Akhilesh Yadav** @yadavakhilesh

ये बधाई का विषय है कि अब एक भारतीय उद्योगपति विश्व के पाँचवें सबसे धनवान व्यक्ति हो गये हैं।

आशा है वे अपने लाभ का हिस्सा जनकल्याण में लगाकर भारत की आर्थिक-विषमता को दूर करने का प्रयास करेंगे व सामाजिक-उत्थान में योगदान देकर, जीवन को धनवान के साथ मूल्यवान भी बनाएँगे।
शुभकामनाएँ!

---

**Akhilesh Yadav** @yadavakhilesh

तेलंगाना के मुख्यमंत्री श्री के. चंद्रशेखर राव जी के साथ राष्ट्रीय मुद्दों पर हुई एक मुलाक़ात।

Translate Tweet



---

**Akhilesh Yadav** @yadavakhilesh

इस सरकार का कहने को ये बजट छठा है,
पर इसमें कुछ बढ़ा नहीं, सब कुछ घटा है!

इसमें जनपक्ष नदारद, बस सरकारी विभागों का वारा-न्यारा है... दरअसल ये बजट नहीं बँटवारा है!

---

**Akhilesh Yadav** @yadavakhilesh

बेड़ी, हथकड़ी, पिंजरे, कोड़े और लगाम
बिकी ख़बरों को मिलता है बस ये इनाम

Translate Tweet

**Press Freedom Index 2022: विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में और गिरी भारत की रैंकिंग, 142 से पहुंचा 150 पर**

Press Freedom: बेशक प्रेस को लोकतंत्र को चौथा स्तंभ कहा जाता हो और इसकी स्वतंत्रता पर तमाम बातें होती हों, लेकिन भारत में स्थिति ठीक नहीं है. विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में भारत 150वें नंबर पर है

---

**Akhilesh Yadav** @yadavakhilesh

**कौन रोकेगा सड़क पर सांडों का संग्राम?**





Following

**Akhilesh Yadav**
@yadavakhilesh

भाजपा के राज में लखीमपुर में कभी किसानों पर जीप चढ़ाई जाती है, कभी दुकानदारों पर जानलेवा बुलडोज़र।

आज अतिक्रमण हटाने के भ्रष्ट अभियान में गुमटी हटाने गए बुलडोज़र की चपेट में आया दुकानदार बुरी तरह घायल हो गया। सरकार पूरी ज़िम्मेदारी लेते हुए दुकानदार के इलाज का पूरा ख़र्च उठाए।

Translate Tweet



**Akhilesh Yadav**
@yadavakhilesh

मृतका को संवेदना के फूल की जगह असंवेदनशील मंत्री जी फल दे आए।

मृतका को श्रद्धांजलि।

भाजपाइयों के लिए जन-संपर्क औपचारिकता है।

Translate Tweet




**Akhilesh Yadav**
@yadavakhilesh

आज ईद के मुबारक मौके पर।

Translate Tweet



**Akhilesh Yadav**
@yadavakhilesh

सबके पास है साइकिल ~ सबके साथ है साइकिल

Translate Tweet




**Akhilesh Yadav**
@yadavakhilesh

पद्म विभूषण से सम्मानित महान संतूर वादक पंडित शिवकुमार शर्मा जी का निधन संपूर्ण संगीत जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है।

ईश्वर उनकी आत्मा को शान्ति प्रदान करें।

Translate Tweet



**Akhilesh Yadav**
@yadavakhilesh



पंजीकृत डाक पंजीकरण संख्या GPO/LW/NP-300/2021-2023 कुल पृष्ठ : 44 डिस्पैच तिथि : 15, 16, 17



# सच्चाई की ताकत को ज्यादा दिन कैद नहीं रख सकतीं जेल की सलाखें

समाजवादी पार्टी

/samajwadiparty

www.samajwadiparty.in